हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



पर्यटन सीजन में होगा सड़कों का सौन्दर्यकरण : युगल किशोर पन्त 3

वर्ष : 11 अंक : 260 देहरादून, मंगलवार, 11 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

# समृद्ध एवं गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का दायित्व मातृशक्ति पर : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश , 11 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति अपनी क्षमता एवं दक्षता से राज्य का सम्मान तथा गौरव बढ़ा रही है। प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परम्परा को आगे बढाने का दायित्व भी हमारी नारी शक्ति बखूबी निभा रही है। हमारी संस्कृति अर्द्धनारिश्वर की उपासना के साथ देवियों की पूजा की परम्परा रही है।

परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तराखण्ड की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला शक्ति को महाशक्ति बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तो स्त्री ही सृष्टि की समग्र अधिष्ठात्री है, क्योंकि नारी सृजनात्मक शक्ति का प्रतीक होने के साथ ही संस्कृति एवं परंपराओं की संवाहक होती हैं एवं आदिकाल से भारतीय संस्कृति में महिलाओं को काफी ऊंचा स्थान हासिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, अहिल्याबाई होल्कर एवं सती सावित्री जैसी अनेक नारियों ने अपनी क्षमता के बूते समय-समय पर इसको प्रमाणित करने का कार्य किया। हमारी सांस्कृतिक विरासत में मां का स्थान सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पुनः अपनी पुरातन विचार संस्कृति की ओर लौट रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी महिला कार्यकर्ताओं पर प्रदेश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, हमारे देश और प्रदेश की समृद्ध एवं गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी आप पर है। हमारी सरकार ने महिलाओं के







कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास अपार उपलब्धियां और योजनाएं है और इन उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर हर बहन तक पहुंचने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा लगातार पार्टी के कार्यक्रमों के साथ ही रचनात्मक और सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में महिला मोर्चा और भी महत्वपूर्ण कार्य करेगा। महिला शक्ति ही महाशक्ति है इसलिए महिला मोर्चा की आप सभी उत्साही कार्यकर्ता जब घर-घर संपर्क करेंगी तो जनता का हमारे प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी नारीशक्ति ने अपने कार्यों से, आत्मबल से और आत्मविश्वास से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने खुद को तो आगे बढ़ाया ही है, साथ ही देश और समाज को भी आगे बढ़ाने और एक नए मुकाम पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब देश में महिलाओं का हर क्षेत्र में सहयोग एवं योगदान बढ़ता है, तब देश का विकास सुनिश्चित हो जाता है। आखिर हमारा न्यू इंडिया का सपना यही तो है, जहां नारी सशक्त हो, सबल हो और देश के समग्र विकास में बराबर की भागीदार हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार राजनीति के एजेंडे की धुरी बदलने का काम किसी ने किया है तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो काम देश में हो रहे हैं वे नए भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करते हैं। नए भारत की तस्वीर में महिला पीछे नहीं बल्कि समाज का नेतृत्व करने के लिए आगे खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों में महिला सशक्तिकरण हमेशा से प्राथमिकता पर रहा है। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही सरकार है जिसने तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म करके वर्षों से इस कुप्रथा का दंश झेल रही मुस्लिम महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन यापन करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वित्तीय समावेश से लेकर सामाजिक सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा से लेकर आवास, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक, हमारी नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में सबसे आगे रखने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। ये प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे।

उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, शौचालयों का निर्माण ये सभी कार्य इसके उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का दर्द किसी ने समझा तो वो आदरणीय मोदी जी ने ही समझा। ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही थे जिन्होंने देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसा अभियान प्रारंभ किया। हमारी सरकार ने भी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का संपूर्ण लाभ देने के लिए जिस तेज गति से काम किया, उससे आप हमारी प्रतिबद्धता को समझ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की समस्त माताओं और बहनों ने अपने अथक परिश्रम से जहां एक ओर आर्थिक रूप से अपने आपको आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है वहीं देवभूमि की सभ्यता और संस्कृति को भी जीवंत रखा है। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें आपका आशीर्वाद चाहिए, आपका समर्थन चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की यह बैठक हमारी सरकार के "सशक्त मातृशक्ति सशक्त राज्य" के संकल्प को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी मातृशक्ति ने समय-समय पर अपनी क्षमताओं से प्रदेश का गौरव और सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है, हमारी सरकार के सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड निर्माण के "विकल्प रहित संकल्प" की सिद्धि के लिए भी आप अपना योगदान सुनिश्चित करेंगी इसका भी भरोशा मुख्यमंत्री ने जताया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, विधायक रेनू बिष्ट, महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के परमार्थ निकेतन पहुंचने पर परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि ने भी उनका स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री धामी ने लिया भगवान राम का आशीर्वाद



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी ,11 अप्रैल , प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में महिलाओ द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम हल्द्वानी में पहुंचकर भगवान राम का आशीर्वाद लिया। व प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की CM धामी ने सभी महिला कलाकारों व दर्शकों को बधाई दी। उन्होंने कहा आज के दौर में महिलायें सशक्तिकरण की ओर बढ रही है इससे हमारी संस्कृति के साथ कल्चर को बढावा मिलता है। उन्होंने कहा मातृशक्ति को आगे लाने व उनके उत्थान के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत अभियान आदि। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक राम सिंह कैड़ा,अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत आई जी नीलेश आनंद भरणे, डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, के

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने स्पोर्ट्स कॉलेज के बच्चों की सुनी समस्याएं , दिए निर्देश

### खेल मंत्री रेखा आर्या ने समस्याओं के निस्तारण के सम्बंधित अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 अप्रैल , प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या रायपुर, देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में पढ़ाई के साथ फुटबाल, वॉलीबॉल, एथिलेटिक्स, क्रिकेट, हॉकी, बॉक्सिंग, बैटमिंटन, टेबिल टेनिस, जुड़ो सहित आदि खेलों का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ संवाद करने का उनका मुख्य उद्देश्य यहां पर निवासरत बच्चों को यहां पर आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं को सुनना रहा है।कहा कि इस दौरान यहां निवासरत बच्चों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है साथ ही बच्चो द्वारा कई सुझाव भी प्राप्त हुए हैं।खेल मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा सभी की समस्याएं सुनने के साथ उनके जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



खेल मंत्री रेखा आर्या ने बच्चो से कहा कि आप सभी को अपने गेम को बेहतर करना है तो ओवर कॉन्फिडेंट न बनें,अपना कैरियर बनाना हो तो लक्ष्य पर मेहनत करनी होगी साथ ही कहा कि अब आप सभी को अपने परिवार की चिंता करने की जरूरत नहीं, अब ये हमारी जिम्मेदारी है।कहा कि अब खेलों में नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिन्हें अपनाना अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर , संयुक्त निदेशक डॉ० धर्मेन्द्र भट्ट, एस०के० सार्की,स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित विभागीय अधिकारीगण और बच्चे उपस्थित रहे।

# बार-बार यूरिन आना, जलन-दर्द बन सकते हैं, बड़ी परेशानी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 10 अप्रैल : यूरिन संबंधी परेशानियों में बार-बार यूरिन आना, जलन या दर्द जैसे लक्षण शामिल हो सकते हैं। कई बार तरल पदार्थों या कैफीन के ज्यादा सेवन से बार-बार यूरिन आता है, लेकिन इसे हलके में नहीं लेना चाहिए और समय पर इलाज करवाना चाहिए क्योंकि यह किसी गंभीर बीमारी की वजह से भी हो सकता है, या फिर गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है।

पुरुषों में यूरिन संबंधी परेशानी की एक वजह प्रोस्टेट में सूजन या प्रोस्टेट का बढ़ना हो सकता है। आमतौर पर यह समस्या 40 से 50 साल की उम्र के पुरुषों में ज्यादा देखी जाती है। प्रोस्टेट में सूजन आने से यूरिनरी ट्रैक्ट पर दबाव पड़ता है और यूरिन खुलकर नहीं आता। इसके अलावा प्रोस्टेट बढ़ने के कुछ और संकेत होते हैं जिनमें अचानक यूरिन करने की तेज इच्छा होना, रात को बार-बार यूरिन जाना। यूरिन करने में परेशानी या धार पतली होना और यूरिन करने के लिए ज्यादा जोर लगाने की आवश्यकता होना शामिल है।

यूरिन संबंधी समस्याओं की एक और वजह है गुर्दे की पथरी। जो लोग कम पानी पीते हैं उनका यूरिन गाढ़ा हो जाता है। इससे उनकी किडनी में यूरिक एसिड और कैल्शियम ऑक्सालेट क्रिस्टल्स जमने लगते है।

प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में होने वाले बदलाव भी यूरिन संबंधी परेशानी पैदा करते हैं। इसके अलावा गर्भाशय में बढ़ते बच्चे के लिए जगह बनाने से ब्लैडर पर दबाव पड़ता है। ब्लैडर छोटा होने से ज्यादा यूरिन जमा नहीं कर पाता और गर्भवती महिला को जल्दी-जल्दी यूरिन करने की आवश्यकता पड़ती है। प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में ज्यादा ब्लड बनता है और किडनियां ज्यादा फ्लुइड की प्रोसेसिंग करती हैं जिससे ज्यादा यूरिन बनता है। प्रेगनेंसी के दौरान यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन की संभावना भी बढ़ जाती है।

# डायबिटीज में बेहद फायदेमंद है कच्चे आम की चटनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 अप्रैल : गर्मियां आते ही हमारी डाइट भी काफी बदल जाती है। इस मौसम में लोग ऐसी चीजें खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जो न सिर्फ शरीर में ठंडक बनाए रखे, बल्कि हमें भीषण गर्मी और लू से भी बचाए। इसी वजह से गर्मियों में लोग कच्चे आम का सेवन करते हैं। इस मौसम में लोग कई तरह से कच्चे आम को खाना पसंद करते हैं। आम पन्ना हो या फिर आम की चटनी लोग बड़े चाव से इसे खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्वाद से भरपूर कच्चे आम की चटनी न सिर्फ आपके खाने का जायका बढ़ जाती है,बल्कि आपकी सेहत को फायदा भी पहुंचाती है। अगर आप अभी तक कच्चे आम की चटनी के इन फायदों से अनजान हैं, तो चलिए जानते हैं इसके फायदों और इसे बनाने की रेसिपी के बारे में-

कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर कच्चे आम की चटनी स्वादिष्ट होने के साथ ही हमारे पेट के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। दरअसल, इसमें कई सारे पोषक तत्व जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम आदि भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हमारे पेट के लिए गुणकारी होते हैं। साथ ही इसमें पाया जाना वाला एक खास तरह का



एसिड हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है।

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो कच्चे आम की चटनी आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। दरअसल, यह ब्लड शुगर को कम करने में काफी मददगार होती है। इसमें कई सारे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। कच्चे आम की चटनी खाने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा अच्छी रहती है, जिससे डायबिटीज में कॉफी फायदा मिलता है। विटामिन- सी से भरपूर कच्चे आम की चटनी आयरन से भी भरपूर होती है। विटामिन सी त्वचा को हेल्दी रखने में काफी सहायक होता है। ऐसे में कच्चे आम की चटनी खाने से फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद मिलती है। साथ ही यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और इसमें मौजूद आयरन खून की कमी दूर करता है, जिससे त्वचा में निखार आता है।

# बढ़ती गर्मी से होगी पानी की कमी, क्यों होता है ऐसा जानिए



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 अप्रैल : गर्मी लगातार बढ़ रही है। तेज धूप और बढ़ते टेम्प्रेचर से शरीर में होती है पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन।शुरुआत अप्रैल ही नहीं मई-जून की गर्मी में आप खुद को और अपने परिवार को शरीर में होने वाली पानी की कमी से बचा सकते हो।सवालः एक इंसान के शरीर में कितना पानी होता है। जवाबः इंसान के शरीर में 65 से 70 % पानी होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जितना जरूरी पौष्टिक खाना होता है उतना ही जरूरी साफ पानी पीना होता है।सवालः एक हेल्दी शरीर को कितने पानी की जरूरत होती है। जवाबः हर इंसान के शरीर का वजन अलग-अलग होता है। सबके शरीर में पानी की जरूरत भी अलग-अलग होती है। शरीर के वजन के हिसाब से ही तय किया जाता है कि आपको कितना पानी पीना चाहिए।सवालः क्यों होने लगती है शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन?जवाबः कई कारण है डिहाइड्रेशन के, जैसे- जब गर्मी तेज होती है तो शरीर को ज्यादा पानी की जरूरत होती। इस मौसम में जब आप देर तक धूप में बिना खाए-पिए घूमते हैं, तो शरीर से पसीना अधिक निकलता है, जिससे



शरीर में पानी की कमी हो जाती है।बार-बार पसीना आने से, टॉयलेट जाने से या काम के दौरान पानी कम पीने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है।गर्मी में यदि तेज बुखार हो या लूज मोशन आ रहे हो तो शरीर बहुत बुरी तरह डि हाइड्रेट हो जाता है।

घरेलू उपाय प्राथमिक चिकित्सा की तरह है, अगर नीचे लिखे लक्षण पेशेंट में दिख रहे हैं तो बिना देर डॉक्टर के पास जाए...जब 24 घंटे से ज्यादा उल्टी-दस्त हो , चिड़चिड़ाहट बढ़ जाए , उल्टी दस्त न रूके , नींद कम आए। दूर होता सिरदर्दः एक रिसर्च के मुताबिक सिरदर्द के 90 % मामले शरीर में पानी की कमी की वजह से होते हैं। इसलिए 8-10 गिलास पानी जरूरी पिएं।चमकदार स्किनः पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से स्किन को नमी मिलती है जिससे ये चमकदार बनती है और स्किन डिजीज से भी न के बराबर होती हैं।

बढ़ती इम्यूनिटीः पानी शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालता है जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वेट कंट्रोल रहता है।सुस्ती दूर होतीः जब भी थका या सुस्ती फील हो, तो पानी पिएं। इससे खून में ज्यादा लाल रक्त कोशिकाओं की वजह से ज्यादा ऑक्सीजन और एनर्जी मिलती है।

# आपके तनाव और चिंता को दूर करने में मददगार है ये ऐप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 अप्रैल , आज की अस्त-व्यस्त जीवन शैली में तनाव-चिंता आम बात हो गई है, लेकिन जब यह दोनों इतनी बढ़ जाएं कि आपके नियंत्रण से बाहर हो जाएं तो समझिए आप एंग्जाइटी के शिकार हो गए हैं. तनाव और चिंता हमें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित कर सकते हैं. तनाव कई अलग-अलग रूपों में आता है और समय के साथ मस्तिष्क और शरीर दोनों में चिंता और उथल-पुथल महसूस कर सकता है.

चिंता को अक्सर शरीर में गहरी उथल-पुथल की भावना के रूप में वर्णित किया जाता है और यह महसूस किया जाता है कि व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में विस्तार नहीं करता है. इसलिए तनावमुक्त रहने का हर संभव प्रयास करना चाहिए. ऐसे में Calm एक ऐसा ऐप है जो शांति के साथ आपको तनाव और चिंता का मुकाबला करने में मदद करता है. 2012 में Alex Tew और Michael Acton Smith द्वारा लॉन्च किए गए Calm ऐप को 2017 में Apple के iPhone ऐप ऑफ द ईयर और 2018 में Google Play Store की एडिटर्स चॉइस ऐप का खिताब मिला था. Google Play Store पर 4.3 स्टार रेटिंग के साथ 37MB की इस ऐप को 10 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है. यह ऐप वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए डिज़ाइन किया गया है, और बेहतर नींद के लिए यह कहानियां भी सुनाता है. कंपनी अपनी मेडिटेशन लाइब्रेरी में लगातार नया कंटेंट जोड़ रही है.

# पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के हो प्रयास : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की ताकत को पहचाने तथा इसके विस्तार के लिये आगे आयें, कुमाऊ द्वार महोत्सव जैसे आयोजन हमारी लोक विरासत, लोकगीत, लोक नृत्य के साथ संस्कृति के विविध आयामों से परिचित कराने में मददगार होते हैं। अपनी लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा इसे बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड की पर्यटन व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण देश व दुनिया में विशिष्ट पहचान बनेगी।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में कृष्णा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कुमाऊं द्वार महोत्सव-2023 में प्रतिभाग किया तथा लोक कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत की ताकत को पहचानेगी तथा इसके विस्तार के लिए आगे आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार भी उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उत्तराखण्ड देश और दुनिया का नम्बर वन पर्यटन प्रदेश बनने के साथ ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण शीघ्र ही वैश्विक पटल पर सबसे बड़े कल्चरल हब के रूप में जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड की झांकी मानसखण्ड को प्रथम पुरस्कार मिलना प्रदेश की लोक संस्कृति का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने सभी से अपनी लोक परंपराओं से




जुड़ने का भी आहवान किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन जैसी समस्या के निराकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। युवाओं के हित में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार परक नीतियां बनायी गई हैं हमारा प्रयास अपने युवाओं की क्षमता का उपयोग राज्य हित में किये जाने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''वोकल फॉर लोकल'' का नारा दिया है, उसे धरातल पर उतारने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इस मेले में प्रदर्शित उत्पाद इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य के लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। ये PM के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज वैश्विक पटल पर हमारा देश विश्व को एक नई दिशा दिखाने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री का हमारी देवभूमि के प्रति विशेष लगाव रहा है और इसे हमारे यहां केंद्र सरकार द्वारा संचालित हो रही विशिष्ट परियोजनाओं के माध्यम से समझा जा सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों के विकास का कार्य जो पहले एक सपना मात्र लगता था वह आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संभव होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष की संज्ञा दी है और इस महोत्सव में मोटे अनाज के कई स्टॉल भी लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री के इसी विजन के अनुरूप ही पौष्टिकता से भरपूर उत्तराखंड के मोटे अनाज को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस कार्य में प्रदेशवासियो का निरंतर सहयोग मिल रहा है जिससे उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने की प्रेरणा प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समृद्धशाली उत्तराखंड के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इस प्रकार के आयोजन प्रदेश में प्रत्येक स्थान पर होते रहें। इस अवसर पर विधायक राम सिंह कैड़ा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती बेला तोलिया, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, संस्था के प्रतिनिधि, लोक कलाकार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित थी।

# 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक मसूरी में आयोजित होगी मिलेट्स राष्ट्रीय सम्मेलन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 11 अप्रैल , राज्य कृषि विपणन बोर्डों की राष्ट्रीय परिषद के चेयरमैन एवं प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया है। जिसके दृष्टिगत उत्तराखंड में पहली बार 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक मसूरी में कौसाम्ब और उत्तराखंड राज्य द्वारा मिलेट्स पर आधारित एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल सहित विभिन्न राज्य कृषि विपणन बोर्डों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा भारत के विभिन्न राज्य कृषि विपणन बोर्डों अर्थात असम, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर आदि से कुल 50-60 प्रतिनिधि भाग लेंगे ।

मंत्री ने कहा इस सम्मेलन में मिलेट पर काम करने के लिए एक मैनेज्ड वे विकसित करने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन को भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, भारतीय चिकित्सा संयंत्र विपणन संघ, कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित एडी पोट्र्स ग्रुप के वरिष्ठ वैज्ञानिक सम्बोधित करेंगे। सम्मेलन में मिलेट्स के बारे में विचारों का आदान-प्रदान होगा और तकनीकि सत्रों में प्रतिनिधियों के बीच इस



सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा होगी। इसके अलावा मिलेट्स की उपयोगिता और किसानों की आय को बढ़ाने के सम्बन्ध में भी इस सेमिनार में विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही सभी राज्यों के अतिथि, अपने-अपने राज्य में मिलेट्स पर हो रहे कार्यों को विस्तार से बताऐंगे और मिलेट उपज को बढ़ावा दिये जाने के लिए क्या रणनीति अपनायी गयी है इसे भी सभी प्रदेशों के साथ साझा करेंगे तथा मिलेट्स की उपयोगिता और किसानों की आय को बढ़ाने के सम्बन्ध में भी इस सेमिनार में विस्तार से चर्चा होगी।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा उत्तराखंड में पहली बार "मिलेट की सम्भावनाओं और अवसर पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की गोष्ठी करवाने का मुझे सौभाग्य मिला है। इस कार्यक्रम के लिए कौसाम्ब के साथ उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। उन्होंने कहा पूरे विश्व में मोटे अनाज को लेकर एक नई अलख जली है और प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरगामी सोच को परिलिक्षित करते हुए भारत में श्रीअन्न को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल है। मंत्री ने कहा मुझे यह भी बताते हुए अत्यधिक हर्ष हो रहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने दो बार मिलेट भोज का आयोजन किया है। प्रदेश विभिन्न सम्मेलनों और सेमिनारों का आयोजन के माध्यम से मिलेट्स का प्रचार-प्रसार सहित कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा उत्तराखण्ड में भी मिलेट उपज की खरीद स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से भी की जा रही है। इसे एसएचजी ग्रुपों से जुड़ी हुई महिलाओं को भी लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने भारत सरकार का भी आभार प्रकट करते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना के लिए कुल क्रय किये जाने वाले राशन में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी मोटे अनाज की तय की है। मंत्री ने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां सरकार ने मिलेट्स के तहत मडुवे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 35.78 रुपये तय किया है और पी०डी०एस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को वितरण किया जा रहा है। मंत्री जोशी ने भरोसा जताते हुए कहा निश्चित ही यह राष्ट्रीय सम्मेलन किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# पर्यटन सीजन में होगा सड़कों का सौन्दर्यकरण : युगल किशोर पन्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रूद्रपुर , 11 अप्रैल , जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में पर्यटन सीजन के दृष्टिगत सड़कों के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि कुमाऊँ मण्डल में आने वाले टूरिस्टों के लिए जनपद की सड़के भूमिका निभाती हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले टूरिस्ट जनपद की सड़कों से होकर गुजरते हैं।

उन्होंने कहा कि टूरिस्ट अपने साथ बेहद सुःखद व सुन्दर यादें लेकर जाये, इसके लिए जनपद में टूरिस्ट आवागमन वाली सड़कों का सौन्दर्यकरण किया जाये और सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाये।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि झूलते हुए तारों को भी सही किया जाये और विभिन्न स्थानों पर कला, संस्कृति, पर्यावरण एवं जन-जागरूकता सम्बन्धी वॉल पेंटिंग्स आदि की संभावनाएं भी तलाश की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था दुरस्त रखी जाये और प्रमुख सड़कों के किनारे भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आने वाले एवं जनपद के मार्गो से गुजरने वाले टूरिस्टों को पर्यटन प्रदेश में आने का अनुभव होने, यात्राएं सरल, सुखद एवं सुगम होने के साथ ही जनपद से अच्छी यादें व अनुभव लेकर जायें। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश काण्डपाल, एनएचएआई मेनेजर अक्षत विश्नोई, सहायक मैनेजर मीनू, विद्युत, लोनिवि, जल संस्थान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# ड्यूटी से नदारद स्वास्थ्य कर्मचारी दे स्पष्टीकरण : प्रेमचंद अग्रवाल





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 11 अप्रैल , क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में पड़ी गंदगी देख मंत्री डा. अग्रवाल ने अस्पताल के अधिकारियों को फटकार लगाई। डा. अग्रवाल ने बिना प्रार्थना पत्र दिए ड्यूटी से नदारद चिकित्सकों व कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लेने के लिए भी सीएमएस डा. प्रदीप कुमार चंदोला को निर्देशित किया। इस दौरान डा. अग्रवाल ने मरीजों का हाल भी जाना। साथ ही चिकित्सकों को दवाई अस्पताल से ही लिखने के लिए निर्देशित किया।

सोमवार को मंत्री डा. अग्रवाल ने अचानक राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। यहां उन्होंने सर्वप्रथम साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर पर पड़े कूड़े-करकट को देख मंत्री डा. अग्रवाल ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नियमित सुबह व रात्रिकाल में सफाई करने के निर्देश दिए। डा. अग्रवाल ने इसके बाद चिकित्सकों व कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका जांची। इसपर चिकित्सक व कर्मचारी ड्यूटी पर बिना प्रार्थना पत्र दिए नदारद दिखे। इस पर मंत्री डा. अग्रवाल ने सीएमएस को स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

डा. अग्रवाल ने सीएमएस को कहा कि चारधाम यात्रा सिर पर है, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। डा. अग्रवाल ने कहा कि रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रोगियों को दवा अस्पताल से ही दी जाएं। बाहर से दवा लिखने की शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी।


इस मौके पर सीएमएस डा. प्रदीप कुमार चंदोला, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, मंडल प्रभारी राजकुमार राज, पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र मोंगा, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतीश सिंह, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मनोज जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगावर सिंह आदि उपस्थित रहे।


# चमोली : यहां शादी में शराब परोसी तो लगेगा भारी जुर्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 11 अप्रैल : उत्तराखंड की शादियों और पार्टियों में जब तक शराब न हो, तब तक लोगों के लिए वह जश्न अधूरा रहता है , मगर नशे में डूबे लोगों को अक्सर इस बात का अंदाजा नहीं लगता कि उनकी यह आदत कितने घरों में काल बनी हुई है। शराब पीकर शादी और अन्य कार्यक्रमों का माहौल भी खराब होता है। इन्हीं सब चीज़ों को देखते हुए अब सीमांत जनपद चमोली के पोखरी तहसील के ऐरास गांव में अब शादी के दौरान शराब परोसने पर पूरी तरह से मनाही है.ग्रामीणों ने किसी भी धार्मिक एवं मांगलिक समारोह में शराब का सेवन वर्जित कर लिया है। गांव की ही महिलाओं ने यह रूल बनाया है। शराब पीने-पिलाने वालों पर महिला मंगल दल नजर रखेगी, वहीं पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। और अगर जरूरत पड़ी तो ऐसे परिवारों का सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा।

इस दौरान महिलाओं ने गांव की सीमा तक रैली निकालकर जनता को जागरूक किया। दरअसल गांव में क़ई बार शराब की वजह से





कई कार्यक्रमों का माहौल खराब हुआ है।

ऐसे में पंचायतघर परिसर में आयोजित बैठक में महिला मंगल दल की मनोरमा नेगी और हेमंती की मौजूदगी में शराब पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि आए दिन शराब के चलते पारिवारिक कलह बढ़ रही है। महिला मंगल दल ने ग्रामीण युवा, बुजुर्ग, महिला और पुरुष सभी ने मिलकर ग्राम सभा के बगड़वाल धार से आमथला खोला तक एक शांतिपूर्ण रैली निकाली, जिसमें सभी ने साझा संकल्प लिया कि गांव ऐरास में कोई भी नशा नहीं किया जाएगा। चाहे वह धार्मिक कार्यक्रम हो या शादी विवाह की पार्टी। जो भी इसका उल्लंघन करेगा, उस पर महिला मंगल दल जुर्माना लगाएगा।







# उत्तराखंड शिक्षा विभाग में 4500 पदों पर निकली भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 11 अप्रैल : अगर आप भी सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, तो आपके के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है। जल्द ही उत्तराखंड शिक्षा विभाग में 4500 पदों पर भर्ती होने जा रही है। जी हां, वित्त विभाग ने सीएम छात्रवृत्ति योजना, क्लस्टर स्कूल समेत शिक्षा विभाग की चार अहम योजनाओं को मंजूरी दे दी। जिसके बाद 4500 पदों पर भर्तियों की राह खुल गई है। अपर मुख्य सचिव-वित्त आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अब जल्दी उत्तराखंड के स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती की जाएगी। आपको बता दें कि वर्तमान में राज्य में तकरीबन 8,000 चतुर्थ श्रेणी के पद खाली हैं। बता दे कि स्थाई भर्ती खत्म किए जाने के बाद से ही लगातार चतुर्थ श्रेणी के अधिक तर पद खाली होते जा रहे हैं, और शिक्षा विभाग में 8000 स्वीकृत पद खाली पड़े हैं। शिक्षा विभाग ने 3500 पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती करने की स्वीकृति वित्त विभाग से ले ली है और जल्द ही इन पदों को भरा जाएगा।


# क्या आप खोलना चाहते हैं मेडिकल स्टोर ? सरकार देगी मदद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 अप्रैल , अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो मेडिकल स्टोर खोलने का आइडिया एक दम परफेक्ट हो सकता है। केंद्र सरकार का फार्मास्युटिकल्स विभाग, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) अभियान चला रहा है, जिसके तहत प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की सुविधा दी जाती है। इस योजना का फायदा उठा कर आप भी जन औषधि केंद्र (मेडिकल स्टोर) खोल सकते हैं।

कैसे करें अप्लाई

जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए यदि आप आवेदन करना चाहते हैं तो इसके ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके हैं। आप इस लिंक http://janaushadhi.gov.in/online_registration.aspx पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस लिंक पर आपको देश के हर राज्य के हर उस जिले की लिस्ट भी दिख जाएगी, जहां जन औषधि केंद्र नहीं खुला है। यदि आप ऑफलाइन आवेदन करना चाहते हैं तो एप्लिकेशन फॉर्म https://janaushadhi.gov.in/ से डाउनलोड करके इसे महाप्रबंधक (ए एंड एफ), ब्यूरो ऑफ फार्मा पब्लिक सेक्टर




अंडरटेकिंग ऑफ इंडिया (बीपीपीआई) को भेज सकते हैं।

कितना आएगा खर्च

जनऔषधि केंद्र खोलने की सारी जानकारी आपको इस लिंक http://janaushadhi.gov.in/pdf/NGO_PMBJP.pdf पर मिल सकती है। जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर करने के लिए आवश्यक निवेश के अलावा, आवेदक को हर समय सभी प्रोडक्ट्स को स्टोर में उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त निवेश करना होगा। ब्यूरो ऑफ फार्मा पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स ऑफ इंडिया (बीपीपीआई) 2.50 लाख रुपये तक की वन-टाइम फाइनेंशियल सहायत प्रदान करेगा जहां सरकारी अस्पताल परिसर में राज्य सरकार मुफ्त में जगह उपलब्ध कराएगी।

**कैसे होगी कमाई**

बात करें कमाई तो इनकम दवाओं की प्रति माह बिक्री पर आधारित होगी। जैसे कि यदि आप 1 लाख रुपये की दवाएं बेच पाते हैं तो आपको 20,000 रुपये की इनकम होगी। दरअसल दवाओं की बिक्री पर 20% की कमीशन दी जाएगी। शुरुआत में एक और बेनेफिट दिया जाता है। आपको मासिक बिक्री पर सीधे 15 फीसदी का इंसेंटिव भी मिलेगा। इस तरह 1 लाख रुपये की मासिक बिक्री पर आप 30,000 रुपये कमाएंगे।

**लाइसेंस की होगी जरूरत**

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आपके पास कम से कम 120 वर्ग फीट जगह की जरूरत होगी। ये जगह आपकी अपनी हो या फिर किराए पर ली हुई भी हो सकती है। दूसरी जरूरत है लाइसेंस की। आपके पास जनऔषधि केंद्र के नाम से रिटेल मेडिसिन बिक्री का लाइसेंस होना चाहिए। इसके साथ ही आपको पैन कार्ड, आधार कार्ड की जरूरत होगी। यदि कोई एनजीओ, हॉस्पिटल या चेरिटेबल ट्रस्ट जनऔषधि केंद्र खोलना चाहे तो उसे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट्स भी लगाने होंगे।

# रायपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, आईपीएल में सट्टा लगा रहे 6 लड़कों को किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 11 अप्रैल : सनराइजर्स हैदराबाद व पंजाब किंग्स आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने 03 मुख्य बुक सहित कुल 06 नफर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त गणों के विभिन्न बैंकों के पांच खातों में सट्टे के कुल 765000/- रुपये (सात लाख पैंसठ हजार रूपये) कमाये फ्रीज, सट्टे में प्रयुक्त 09 मोबाइल फोन किये सीज ।पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशानुसार वर्तमान में जनपद में सट्टेबाजी की रोकथाम लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाये जाने हेतु प्राप्त निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध व पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी रायपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रायपुर द्वारा लगातार सट्टेबाजों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है ।इसी क्रम में थानाध्यक्ष रायपुर को सूचना प्राप्त हुयी की लक्ष्मी देवी स्कूल से पहले रोड के किनारे एक घर के बरामदे में कुछ लोग खड़े होकर आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगा रहे है। सूचना पर थानाध्यक्ष रायपुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर लक्ष्मी देवी स्कूल से पहले रोड़ के किनारे पहुंचे तो एक घर के बरामदे में हल्की लाइट की रोशनी में 06 लड़के खडे थे, जो एक दूसरे से 500 व 1000 रुपये ऑनलाइन लगाने की बाते कर रहे थे, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त 06 लडकों को मौके पर पकड़ लिया। जिसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उन लड़को ने अपने नाम 1. इरशाद खान पुत्र निजाम खान निवासी गली नं0 15 भगत सिंह कालोनी अधोईवाला थाना रामपुर जनपद देहरादून उम्र- 48 वर्ष , 2. सलीम पुत्र अकबर निवासी लास्ट इंदर रोड पूरण बस्ती थाना रायपुर जनपद देहरादून उम्र- 32 वर्ष, 3.आसिफ पुत्र अंजार निवासी लास्ट इंदर रोड संजय कॉलोनी थाना डालनवाला जनपद देहरादून उम्र- 30 वर्ष, 4- शोयब पुत्र मो0 अनवर निवासी गली नं0 09 भगत सिंह कॉलोनी थाना रायपुर जनपद देहरादून उम्र- 23 वर्ष, 5. वसीम पुत्र महबूबा निवासी भगत सिंह चौक अधोईवाला थाना




रायपुर जनपद देहरादून, 6. योगेश वर्मा पुत्र राज कुमार वर्मा निवासी 64/1 चंदन नगर निकट एचपी पेट्रोल पंप थाना कोतवाली नगर जनपद देहरादून उम्र- 34 वर्ष बताया। जिनके कब्जे से ऑनलाइन सट्टा लगाने में इस्तेमाल किये जा रहे कुल 09 मोबाइल फोन व 25900/-रू0 नगद बरामद किये गये व अभियुक्त गणों के पांच खातों में सट्टे के कुल 765000/-रुपये (सात लाख पैंसठ हजार रुपये) फ्रीज कराये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रायपुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है अभियुक्तों गणों को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा ।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त गणों द्वारा पूछताछ में बताया कि सर हम लोग मोबाइल फोन के जरिये गो एक्सचेंज की साइट पर जाकर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते है तथा अपने नीचे के लोगों से पैसे लेकर बुक का काम करते है। हमने गो एक्सचेंज की आई0डी0 एवं लिंक फिरोज अहमद निवासी करौली कोतवाली जिला बिजनौर मो0नं0 989.से प्राप्त की है। हम लोग योगेश मिश्रा मो0नं0 976.शैलेन्द्र उर्फ मास्टर मो0नं0 9151.आदि से ऑनलाईन ही बाईस हजार रुपये में एक लाख प्वाइंट खरीदते है तथा उसके बाद आगे लोगो को ऑनलाइन प्वाइंट बेचकर उनसे रुपये लेकर सट्टा खिलवाते है, जिससे हमें लाभ प्राप्त होता है। हम लोग प्वाइंट खरीदने हेतु योगेश मिश्रा एवं शैलेन्द्र के माध्यम से खाता सं0 101099. IDFC फर्स्ट बैंक जिसका IFSC कोड IDFB0040101 है, जो कि BIZ HYPE PVT LTD के नाम पर है एंव शैलेन्द्र के खाता सं0 RBL. एवं हमारे बिग बॉस जितेन्द्र शर्मा के मो0नं0 7800.

अपराध करने का तरीका-अभियुक्त इरशाद खान, सलीम व आसिफ तीनों पार्टनर के रूप में सट्टे बुक का काम करते हैं, इन तीनों बुकी के ऊपर इनके बॉस काम करते हैं, तीनों सटोरियों द्वारा पार्टनरशिप में गो एक्सचेंज नामक इलीगल ऐप में अपना ऑनलाइन अकाउंट खोला गया है ,जहां पर से यह अपने बॉस से रू0 22000 के 100000 पॉइंट खरीदते हैं और उन पॉइंट्स के द्वारा अलग-अलग छोटे सटोरियों/ पंटर आदि से सट्टा खिलाते हैं तीनों सटोरियों द्वारा अपनी आईडी से गो एक्सचेंज का लिंक देकर अन्य लोगो से आईडी पासवर्ड बनाते हैं उसके बाद अपने प्वाइंट्स उनको पैसों में बेचते हैं, यह तीनों अपराधी पैसा कैश/गूगल पे के माध्यम से आगे अपने बॉस को भेजते हैं अगर पंटर या छोटा सटोरी जीत जाता है तो यह तीनों अपराधी उनको पैसा देते हैं ,इनके द्वारा रू0 22000 में 100000 पॉइंट खरीदे जाते हैं और जब यह अपने नीचे छोटे सटोरी को पॉइंट्स बेचते हैं तो यह एक रुपए का 1 पॉइंट बेचते हैं व अनुचित लाभ कमाते है, अब तक तीनों अभियुक्त गण के बॉस के रूप में शैलेंद्र,फिरोज, योगेश मिश्रा व जितेंद्र के रूप में पहचान हुई है जिस के संबंध में विवेचना जारी है। उपरोक्त शैलेंद्र फिरोज, योगेश मिश्रा व जितेंद्र से संबंधित लिंक बैंक अकाउंट को फ्रीज कराया गया है।

# आंध्र प्रदेश से ला रहे 36 लाख रुपए के गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड सरकार द्वारा वर्ष-2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्ति ("ड्रग्स फ्री देवभूमि") बनाये जाने के विजन को साकार करने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है । जिनके अनुपालन में देहरादून पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है. तथा नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है। नशा तस्करों पर कार्यवाही करने के लिये सूचना तंत्र को मजबूत कर युवाओं को नशे के भवर में फंसाने वालों को सलाखों के पीछे पहुँचाया जा रहा है। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देशों के साथ थाना एवं चौकी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

1- मादक पदार्थों स्मैक/गांजा/चरस/नशीले कैप्सूल/इंजेक्शन तस्करों के ठिकानों पर दबिश।2- मादक पदार्थों अवैध स्मैक/गांजा/चरस/ नशीले कैप्सूल/इंजेक्शन बिक्री वाले स्थान पर दबिश।3- मादक पदार्थों स्मैक/गांजा/चरस/ नशीले कैप्सूल/इंजेक्शन तस्करों के विरुद्ध वाहन चेकिंग।की जा रही है।

अभियान के अनुपालन में गठित टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान श्यामपुर फाटक पर एक टाटा सूमो गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर UK06R8576 को रोक कर चेक किया गया , तो गाड़ी से कुल 90 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। मौके से गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।



# तांशी आर्ट्स ने महिला उद्यमियों को दिया मार्केटिंग का मंच






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। तांशी आर्ट्स द्वारा महिला उद्यमियों को उनके उत्पादों को क्रय करने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इंवोग नाम से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया वहीं समापन अवसर पर हिमाचल टाइम्स की चेयरपर्सन इंद्राणी पांधी, रचना पांधी, खादी बोर्ड अधिकारी अलका पांडे, स्प्रिचुअल कोच एवं समाजसेवी साधना जयराज मौजूद रहे।

इस मौके पर गणेश जोशी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को काम करने की प्रेरणा मिलती है।

जानकारी देते हुए तांशी आर्ट्स की डायरेक्टर स्मृति लाल ने बताया कि साल में दो बार समय-समय पर महिला उद्यमियों को उनके उत्पादों के बेचने के लिए एक मंच दिया जाता है यह एग्जिबिशन उनकी स्वयं की जगह पर वह आयोजित की जाती है जिसमें महिलाओं को मौका मिलता है कि वे

**■ उद्घाटन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तो समापन पर रचना पांधी, इंद्राणी पांधी एवं साधना जयराज रहे मौजूद**

उत्पादों को बेच सकें ।

स्मृति ने बताया कि हस्तनिर्मित वस्तुओं से लेकर कपड़ों आदि के स्टॉल यहां पर लगाए जाते हैं और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर शॉपिंग करें जिससे कि यह महिलाओं का रोजगार भी आगे बढ़ सके।

प्रदर्शनी के समापन अवसर पर हिमाचल टाइम्स की चेयरपर्सन इंद्राणी पांधी, रचना पांधी, खादी बोर्ड अधिकारी अलका पांडे, स्प्रिचुअल कोच एवं समाजसेवी साधना जयराज ने सभी महिला उद्यमियों को प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना एवं एडवोकेट अंजना सहनी ने भी शिरकत की।




# मसूरी-देहरादून आ रहे हैं तो ये है नया ट्रैफिक प्लान, 30 जून तक रहेगा लागू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 11 अप्रैल : पर्यटन सीजन में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस-प्रशासन ने यातायात प्लान बनाया है। इसके तहत, शहर के अधिकांश मार्ग वन-वे रहेंगे। यह प्लान एक मई से 30 जून तक रहेगा। सीओ अनिल कुमार जोशी ने बताया कि एसएसपी और एसपी ट्रैफिक के निर्देश पर आगामी यातायात प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत देहरादून से हाथीपांव, जॉर्ज एवरेस्ट कैंपटी फॉल की ओर जाने वाली गाड़ियों को गज्जी बैंड से वन-वे करके काला चौक से होकर हरनाम सिंह रोड जीरो प्वाइंट होते हुए निकाला जाएगा। देहरादून की ओर से सुवाखोली, धनोल्टी की ओर जाने वाली गाड़ियां जेपी बैंड से दाहिनी ओर जाएंगी। देहरादून से चार दुकान, लाल टिब्बा, पिक्चर पैलेस की तरफ जाना यातायात किंगक्रेग से दाहिनी ओर बड़ा मोड़ होकर गुजारा जाएगा।वाहनों को गज्जी



बैंड से देहरादून भेजा जाएगा देहरादून से हाथीपांव, जॉर्ज एवरेस्ट की ओर जाने वाला यातायात वन-वे होकर काला चौक होते हुए निकलेगा। कैंपटी फॉल से आने वाला यातायात जीरो प्वाइंट, लाइब्रेरी चौक होते हुए देहरादून की तरफ जाएगा। अगर मसूरी में ट्रैफिक ज्यादा होगा तो कैंपटी फॉल से आने वाली गाड़ियों को वाया हाथी पांव होते हुए गज्जी बैंड से देहरादून भेजा जाएगा।फड़कला रोड से होते हुए देहरादून जाना पड़ेगा पिक्चर पैलेस से मालरोड की तरफ आने वाला यातायात को कैमल बैक से वन-वे करके लाइब्रेरी भेजा जाएगा। लाल टिब्बा, चार दुकान की तरफ से आने वाली गाड़ियों को वन-वे कर के फड़कला रोड से होते हुए देहरादून जाना पड़ेगा।दो क्रेन और सीपीयू की दो टीमें रहेंगी तैनात सीओ ने बताया कि मसूरी के लिए दो क्रेन की व्यवस्था की गई। साथ ही सीपीयू की दो टीमें भी तैनात रहेंगी जो यातायात व्यवस्था पर भी नजर रखेंगी। यातायात व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए शहर के सभी संगठनों से बात की गई और सुझाव लिए गए हैं। पर्यटन सीजन में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।





# ईद पर दिखना है सबसे अलग, तो अभी ट्राई करें ये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 अप्रैल , त्योहारों पर हर कोई खूबसूरत देखना चाहता है तो वहीं रमजान का महीना मुसलमानों के लिए भी बेहद खास होता है। इस पूरे महीने लोग रोजा रखते हैं यह रोजा रखना बेहद मुश्किल होता है और जो लोग यह रोजा रखते हैं वह पूरे दिन शहरी करते हैं। फिर शाम को इफ्तार करते हैं रमजान के इस पाक महीने में ईद का त्यौहार आता है। हर कोई ईद का इंतजार करता है लोग ईद पर तरह-तरह के पकवान बनाते हैं तथा नए नए कपड़े पहनते हैं।

स्लिक बन

आज के समय में लगभग सभी अभिनेत्रियों को स्लीक हेयर स्टाइल करने का बहुत शौक होता है। साड़ी हो या सूट, स्लीक बन हर किसी के साथ कमाल लगता है। अगर आपका माथा चौड़ा है तो इसे न चुनें।

**वेव हेयरस्टाइल**

शरारा सेट के साथ इस तरह की वेव हेयर स्टाइल बेहद कमाल की लगती है। अगर आप इसका चयन करेंगी तो आपके बाल भी ज्यादा घने लगेंगे और आपका लुक भी काफी अलग लगेगा।

**स्ट्रेट हेयर**

अगर आप अपने लुक को सिंपल रखना चाहती हैं तो बालों को स्ट्रेट करके खुला छोड़ सकती हैं। एथनिक वियर के साथ स्ट्रेट खुले बाल बहुत अच्छे लगते हैं।



# बर्फ से ढका हेमकुंड साहिब - देखिये ताज़ा तस्वीरें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून , 11 अप्रैल , उत्तराखंड के चमोली जिले में सात पहाड़ियों के बीच स्थित श्री हेमकुंड साहिब में हाड़ कंपा देने वाली ठंड है। यहां 12 फुट की बर्फ जमी हुई है और गुरुद्वारा साहिब भी पूरी तरह से बर्फ से ढके हुए हैं। गुरुद्वारे के ठीक सामने स्थित सरोवर भी इस समय पूरी तरह से बर्फ की आगोश में है। 20 मई से श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू होनी है। ऐसे में अब यात्रा के लिए रास्ते से बर्फ हटाने का कार्य सेना 20 अप्रैल से शुरू कर देगी।

**गुरुद्वारे का यह दृश्य बेहद मनमोहक**

हेमकुंड साहिब के दर्शन करने वालों के लिए समय गुरुद्वारे का यह दृश्य बेहद मनमोहक होगा। इस समय चारों तरफ बर्फ की चादर बिछी नजर आ रही है। हेमकुंड साहिब तक बर्फ की स्थिति और पैदल मार्ग के हालात जानने के लिए ब्रिगेड कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद, ऑफिसर कमांडर कर्नल सुनील यादव (418 इंडीपेंडेंट इंजीनियर कॉर्प0), कैप्टन मानिक शर्मा, सूबेदार मेजर नेकचंद एवं हवलदार हरसेवक सिंह गये हैं। सैन्य जवानों द्वारा हेमकुंड साहिब तक के मार्ग की यह ताजा और मनमोहक तस्वीरें उपलब्ध करायी हैं जिससे पता चलता है कि इस समय पूरे रास्ते में कितनी बर्फ है। देखिये वीडियो -

**कब से शुरू हो रही यात्रा**

श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा इस वर्ष 20 मई से आरंभ होने जा रही है। यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर मार्ग बनाने का कार्य भारतीय सेना के जवानों द्वारा ही किया जाता है। मौसम की



परिस्थिति को देखते हुए भारतीय सेना के जवानों ने आश्वस्त किया है कि 20 अप्रैल से बर्फ कटान व मार्ग बनाने का कार्य सेना द्वारा प्रारंभ कर दिया जाएगा। 20 मई 2023 से शुरू होने वाली यात्रा में किसी भी प्रकार व्यवधान व विघ्न नहीं आएगा एवं श्रृद्धालु सुखद ढंग से निर्विघ्न यात्रा करके गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।





## संपादकीय

# भागवत का सामाजिक समरसता वाला धर्म रक्षा सूत्र

वीरता और भारत भक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मूल पहचान हैं. जहां कहीं भी हिंदुओं पर संकट आता है, लोग संघ की ओर आशा व भरोसे के साथ देखते हैं. बीते वर्षों में संघ ने अपनी संकल्प शक्ति और संगठन बल पर सिद्ध किया है कि उसमें राष्ट्र रक्षा और अपने संकल्प पूरा करने की क्षमता है. जिस राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए सेक्युलर नेता और पत्रकार मजाक उड़ाते थे, वहीं अब भव्य श्री राम मंदिर बन रहा है. यह डॉ हेडगेवार द्वारा स्थापित उस संघ शक्ति का चमत्कार है, जो 2025 में अपनी स्थापना की शताब्दी मनाने जा रहा है. मात्र सौ वर्ष की अवधि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत में वह शक्ति अर्जित की है, जिसके कारण विश्व भारत का मुख्य शक्ति केंद्र संघ को मानने लगा है, जो आज वस्तुतः राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक एजेंडा तय करने में समर्थ है, नीतियों को प्रभावित कर सकता है, विश्व के प्रमुख बौद्धिकों के साथ विमर्श का ताना-बाना बन सकता है, लेकिन धर्म पर आने वाले संकटों और हिंदू धर्म के भीतर व्याप्त कुरीतियों, विभ्रम एवं नाना मतों-पंथों के साथ किस कसौटी पर समन्वय स्थापित हो सकता है, कैसे अस्पृश्यता जैसी विकृतियों से छुटकारा पाया जा सकता है, इनके बारे में संघ का क्या नीतिगत दृष्टिकोण है ? संघ का मूल चिंतन ही अस्पृश्यता समाप्ति के लिए प्रेरित करता है. संघ के वर्तमान विराट स्वरूप के शिल्पकार माधव सदाशिव राव गोलवलकर ने 1966 में उडुपि (कर्नाटक) के भारतीय धर्म संसद में यह प्रस्ताव पारित करवाने में सफलता पायी थी कि अस्पृश्यता हिंदू धर्म का अंग नहीं है, यह अस्वीकार्य है और धर्मविरोधी है. वर्ष 1974 में तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने कहा था कि सिर्फ इसलिए कि कोई रीति या व्यवहार बहुत पहले से चला आ रहा है, काल सम्मत नहीं कहा जा सकता. यदि अस्पृश्यता पाप नहीं है, तो कुछ भी पाप नहीं है. जाति व्यवस्था काल बाह्य हो चुकी है, धीरे-धीरे समाप्त हो रही है. इसे समाप्त हो जाना ही होगा. धर्म रक्षा के लिए पुरुषार्थ करना, आक्रमणकारियों को उचित प्रत्युत्तर देना और काल बाह्य रूढ़ियों को समाप्त करते हुए वास्तविक धर्म सम्मत कसौटियों पर अपना युगानुरूप व्यवहार तय करना ही हिन्दू धर्म रक्षा का मार्ग है. वर्तमान सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत ने हिंदू धर्म रक्षा के लिए अपना व्यवहार तय करने वाले तीन सूत्र भी दिये और साहसपूर्वक विवेकानंद के वीरोचित भाव से घोषित किया कि हिंदुओं के मध्य पानी, मंदिर और श्मशान साझे हैं, साझे होने चाहिए. इनमें किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव अमान्य और धर्म विरुद्ध है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# रिसॉर्ट में कॉलगर्ल्स ! शर्मसार हुई देवभूमि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 अप्रैल , उत्तराखंड में पर्यटन सीजन शुरू होते ही देह व्यापार के काले खेल में मोटी कमाई करने वालों का भंडाफोड़ होने लगता है। सख्त पुलिसिंग और अपराधियों पर तेज़ कार्यवाही के निर्देश आये दिन डीजीपी अशोक कुमार सभी जिलों को देते रहते हैं। जिसका असर भी मित्र पुलिस की कामयाबियों में नज़र आता है। अभी बीते दिनों पुलिस के निशाने पर थे स्पा सेंटर और उसके गंदे धंधे .. वहीँ अब मित्र पुलिस का कहर टूट रहा है उन सफेदपोश लोगों पर जो चमड़ी के इस डर्टी खेल में करारे नोट छाप रहे हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के निर्देश और डीएआइजी देहरादून के नेतृत्व में जब अफसरों को सख्त कार्यवाही का इशारा मिला तो कांड खुलने में देर नहीं हुई और एक बड़े खुलासे से देहरादून के लोग भी सन्न रह गए।

संडे की रात जब आप अपने घरों में सो रहे थे उस वक़्त देहरादून पुलिस एक रिसोर्ट की रंगीन रात में कानून के डंडे चला रही थी। एएचटीयू और एएनटीएफ सहसपुर पुलिस ने होरावाला संजीवनी रिजॉर्ट में छापा मारा तो खुलासे में एक बड़े काण्ड का पर्दाफाश हुआ । छापेमारी के दौरान पुलिस ने रिजॉर्ट से एक दो चार नहीं बल्कि 14 लड़कियों को पकड़ा। इन में पांच लोगों को अनैतिक देह व्यापार मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान हुई कारवाही से मस्ती काट रहे लोगों में हड़कंप मच गया।




रिजॉर्ट में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का धंधा किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके के लिए रवाना हो गई। यहां पहुंचते ही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक छानबीन में आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई चल रही है। इस रिजॉर्ट पर रेव पार्टियों की भी खबरें मिल रही थीं , जिनमें प्रदेश से बाहर के युवक युवतियों द्वारा भारी मात्रा में नशे के प्रयोग एवम् देहव्यापार की भी सूचनायें थीं।

डीआईजी दिलीप सिंह कुंवर ने एसपी सिटी सरिता डोभाल और सीओ डालनवाला अभिनव चौधरी के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया, जिसे इस रेव पार्टी पर गोपनीय तरीके से कार्यवाही को निर्देशित किया गया। इस दल में एंटी ह्यूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट , थाना पटेलनगर, कैंट , बसंत विहार आदि थानों के पुलिस बल को शामिल किया गया ।रिजॉर्ट में छापेमारी के बाद वहां से भारी मात्रा में चरस, दूसरे राज्यों की शराब की बोतलें , संदिग्ध अवस्था में तमाम युवतियां बरामद हुईं ।

तमाम सावधानियों के बावजूद रिजॉर्ट संचालक और संदिग्ध वस्तुओं के साथ कुछ लोग फरार होने में सफल हो गये। जिस तरह से उत्तराखंड पुलिस के मुखिया आईपीएस अशोक कुमार की तेज़ कार्यवाहियां अपराधियों पर हो रही है उससे जहाँ स्थानीय लोगों में ख़ुशी है वहीँ क्रिमिनल्स के अंदर बेशक खौफ भी भर रहा है।

# विषय : नगर निगम देहरादून द्वारा शुरू किए गए वॉल पेंटिंग लव फॉर दी सिटी देहरादून का आज हुआ समापन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नगर निगम देहरादून द्वारा वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता की शुरुआत मार्च माह मे की गई थी जिसका आज नगर निगम सभागार में प्रतिभागियों को सम्मानित कर समापन किया गया। अपने शहर देहरादून को आप कैसा देखना चाहते है और अपने उत्तराखंड की संस्कृति, खूबसूरती को बहुत ही अच्छे तरीके से पेंटिंग के माध्यम से बच्चो के द्वारा दीवारों पर दर्शाया गया. इसके लिए 36 समूह द्वारा नामांकन भी किया गया था एवं उनके द्वारा दीवारों पर बनने वाली चित्रकला का नमूना भी नगर आयुक्त जी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। देहरादून की दीवारों पर आपको उत्तराखंड के धरोहर, संस्कृति, इसकी सुंदरता और प्रकृति के रंग अब देखे जा सकते है। नगर निगम द्वारा इस बार चित्रकला का हुनर रखने वालो को यह मौका दिया गया है एवम लोगों में इसको लेकर बहुत उत्सुकता भी देखने को मिली। नगर निगम देहरादून अब कचरा प्रबंधन को बेहतर कर स्वच्छ और सुंदर दून की और अग्रसर है.

देहरादून के छप्पन भोग के नजदीक, ई सी रोड एवं आईटीआई पटेल नगर की दीवारों पर सभी के द्वारा चित्रकला की गई. आज नगर निगम द्वारा पहले तीन विजेताओं के लिए रुपए 40000/-, रुपए 30000/- और रुपए 20000/- पुरस्कार एवं अन्य 07 विजेताओं के लिए रुपए 5000/- प्रति विजेता पुरस्कार राशि प्रदान की गई.

मेयर श्री सुनील उनियाल गामा जी द्वारा बताया गया कि देहरादून राजधानी के साथ पर्यटक दृष्टिकोण से भी अति महत्व पूर्ण है, और स्वच्छता के प्रति हमारी प्रथम जिम्मेदारी होने के नाते हमारा पहला फर्ज बनता है कि देहरादून को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पूर्ण तरह कार्य भी करें । इसी को ध्यान मे रखते हुए वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया. नगर निगम द्वारा ऐसे बहुत सारे कार्यक्रम कर शहर की अधिकतम दीवारों पर जिन्हे पोस्टर या पान गुटके से खराब वा बदरंग कर दिया जाता है को चित्रकला के माध्यम से दुनिया के पेंटिंग के साथ आगे ले करके आया जायेगा।

आज के इस कार्यक्रम के विजेताओं का चयन श्री सतपाल सिंह गांधी जी, कर्नल रिटायर विजय दुगल एवं श्री अभिषेक वर्मा द्वारा किया गया.रुपए 5000 प्रति सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले 7 प्रतिभागियों के नाम : शबीना, राहुल कुमार, काजल सिंह, रवि कुमार, हिमानी डांगी, दैनिस और मनीषा रावतप्रथम पुरस्कार रुपए 40000/- विशाल पाल द्वितीय पुरस्कार रुपए 30000/- सौरभ कुमार तृतीय पुरस्कार रुपए 20000/- डॉ दीपजीत और श्री नीलोथा पाल नाथ.आज के इस कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त श्री शांति प्रसाद जोशी, वेस्ट वॉरियर्स संस्था से नवीन कुमार सडाना,पूजा , मिताली और ओसनीका मौजूद रहे.






# 5 रूपये की नोट से जुडी ये खबर देगी मुनाफा !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 11 अप्रैल , अगर आप भी कुछ पुरानी चीजों को इकठ्ठा करने के शौकीन है, तो आज हम आपको एक ऐसा आइडिया बताते हैं, जिससे आप पैसा कमा सकते हैं। अगर आपने भी इकट्ठा की गई चीजों में कोई पुराने नोट संभालकर रखें है, तो आपको इनके बदले पैसा कमाने का मौका मिल सकता है। आज हम जिस पुराने नोट की बात कर रहे है वो 5 रुपये (5 Rupee) का पुराना नोट है। हम आपको बताते है कि कैसे आप इस नोट के बदले पैसा कमा सकते हैं।आज हम 5 रुपये (5 Rupee) के जिस नोट की बात की बात कर रहे हैं, उसके पीछे ट्रैक्टर चलाता हुआ किसान हो या नोट के सीरियल नंबर के अंतिम अंक 786 हो। अगर आपके पास भी ऐसा कोई नोट है, तो आप इसके बदले घर बैठे पैसा कमा सकते हैं। कई वेबसाइट आज के समय में ऐसी है, जो पुराने नोटों को अच्छी कीमत पर खरीदती है। इनमें कोइनबाजार (CoinBazzaar), ईबे (Ebay) और कलेक्टर बाजार (CollectorBazar) जैसी वेबसाइट शामिल हैं।





**वेबसाइट पर ऐसे बेचे अपना पुराना नोट**

– इन वेबसाइट पर पुराने नोट बेचने की लिए सबसे पहले वेबसाइट पर अपनी प्रोफाइल बनानी होगी।– इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर अपने आप को सेलर के तौर पर रजिस्टर करना होगा।– इसके बाद 5 रुपये नोट की एक साफ और क्लियर फोटो वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी।– फिर वेबसाइट आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो को विज्ञापन के लिए डाल देगी।– दुर्लभ सिक्के खरीदने वाले लोग विज्ञापन को देखकर आपसे संपर्क करेंगे।– और फिर आप अपने सिक्के की कीमत तय कर लाभ कमा सकते हैं।

# उत्तराखंड घूमने आ रहे है तो पढ़ लीजिए यह ख़बर




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 अप्रैल , गर्मियों का मौसम आ गया है ऐसे में उत्तराखंड में पर्यटको की भीड़ बढ़ते हुए दिखाए दे रही है। दूर-दूर से पर्यटक ऋषिकेश-देहरादून-मुसरी घूमने आ रहे है और उत्तराखंड की वादियों का लुफ्त उठा रहे हैं। ऐसे में अब चार धाम यात्रा भी खुलने वाली है जिसके बाद उत्तराखंड में पर्यटको की भीड़ का अंदाज़ा भी नहीं लगाया जा सकता।

उत्तराखंड सरकार और उत्तराखंड पुलिस रोड सेफ्टी और ट्रैफिक प्लान का भरपूर ख्याल रख रही है। ऐसे में न्यूज़ वायरस पर्यटको से एक ख़ास अपील कर रहा है। आपको बता दे बढ़ते सड़क हादसे की खबर दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जिन्मे लोगो की जान जाने का रेश्यो धीरे-धीरे बढ़ता हुआ दिखाए दे रहा हे। ऐसे में हम आपके और आपके परिवार का ख्याल रखते है। इसीलिए उत्तराखंड आने से पहले इन बातों का अवश्य ध्यान रखें जैसे की :-

**गाड़ी की सर्विस करा के रखे**

उत्तराखंड में प्रवेश करने से पहले अपनी गाड़ी की सर्विस जरूर करवाएं और अगर आप टैक्सी बुक कर रहे है तो टैक्सी सर्विस के मालिक से गाड़ी की सर्विस की जानकारी जान ले।

**गाडी की रफ़्तार कम रखे**

उत्तराखंड में आने वाले बाहर के चालकों से गुजारिश है की वह गाड़ी की गति धीमे ही रखे। ज्यादातर चालकों को पहाड़ी इलाको में ड्राइविंग करने का अनुभव नहीं होता जिस कारण उन्हे और अन्य लोगो को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है।

**शराब पीकर गाडी न चलाए**

बहुत से लोग शराब पीने को एंजॉयमेंट समझते है और इसी एंजॉयमेंट के साथ गाडी चलाते है। जिससे उनके साथ-साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगो को जान जाने का ख़तरा बना रहता है। इसलिए अपनी और बाकि लोगो की जान के साथ न खेले, शराब पीकर गाडी न चलाए।

**गाड़ी चलाने से पहले मानसिक और स्वस्थ फिट रहे**

दूर-दूर से आ रहे पर्यटकों को गाडी चलाते - चलाते थकान हो जाती है। जिसे वह समझ नहीं पाते और गाडी चलाते रहते है ऐसे में गाडी चलाते वक़्त आँख लग जाना उनके और उनके साथ अन्य लोगो की जान जाने का खतरा बन सकता हैं। इसलिए रस्ते में रेस्ट लेना जरुरी है। ताकि आपकी ज़िन्दगी की गाडी लम्बी चले।